7.1.1 Women Empowerment





छात्राओं को दी गई स्वयं की सुरक्षा और शारीरिक स्वच्छता संबंधी जानकारी

सीपत(नईदुनिया न्यूज)। स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में महिला स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा राजीव शंकर खेर की अध्यक्षता में एनटीपीसी के द्वारा अमृत महोत्सव के तहत बालिकाओं को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई।

एनटीपीसी की डा वैजयंती प्रधान ने बताया कि बालिकाओं को किस प्रकार महावारी के समय साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए। एनटीपीसी सीपत के सीनियर मैनेजर मोहन लाल यादव ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में लगे पावर प्लांट के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा शुभ्रा मिश्रा व डा श्वेता जायसवाल ने किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस रक्षा टीम बिलासपुर शाखा के सदस्य निरीक्षक दुर्गा किरण पटेल के द्वारा महिला सुरक्षा हेतु अभिव्यक्तिएप की जानकारी दी गई। जिसके तहत अभिव्यक्तिऐप को मोबाइल में डाउनलोड करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इसके अलावा चलाने के तरीके और लाभ प्राप्त करने के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि ● नईदुनिया

- अमृत महोत्सव के तहत एनटीपीसी का आयोजन
- महिला सुरक्षा एप पर पुलिस टीम छात्राओं से हुई रूबरू

इस अवसर पर प्रो नीना बुखारिया, डा संतोष बाजपेयी, डा रघुनंदन पटेल, डा श्रीकांत मोहरे, डा एमडी स्वर्णकार, प्रो श्वेता पंड्या डॉ के वेणु अचारी प्रो जीवन गोरे डॉ राम प्रसाद चंद्रा शत्रुहन घृतलहरे वंदना श्रीवास्तव हेमलता नायक सहित महाविद्यालय के कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

महिला सुरक्षा संबंधी दायित्वों का हो निर्वहनः प्रो. बखारिया

सीपत। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता योजना के अंतर्गत विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ शुभ्रा मिश्रा ने आधार वक्तव्य प्रस्तुत किया। प्रो. श्वेता पंड्या ने छात्राओं को इस बात के लिए जागरूक किया कि वे जीवन में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें। डॉ श्रीकांत मोहरे ने साहित्य एवं साहित्यकारों का परिचय कराया। प्रो. नीना बखारिया ने महिला सुरक्षा से संबंधित सामाजिक एवं नैतिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी पहचान बनाने की बात कही। छात्रा प्रेमलता साहू ने अपनी स्व रचित कविता का पठन किया। शबाना बानो एवं शीतल निर्मलकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ हीरालाल शर्मा ने किया। वंदना श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राध्यापक नम्रता पात्रे, ज्योति धीवर, प्रीति दुबे, पूजा गुप्ता, यास्मीन परवीन उपस्थित रहीं।